**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4029**

**उत्तर देने की तारीख : 12.12.2019**

**एमएसएमई क्षेत्र में रोजगार**

4029. **एडवोकेट ए. एम. आरिफः**

**क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि**

(क) **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और मौजूदा वर्ष के दौरान केरल सहित विभिन्न राज्यों में कार्यरत व्यक्तियों की संख्या कितनी है;**

(ख) **उक्त अवधि के दौरान प्राप्त और स्वीकृत किए गए प्रस्तावों की संख्या कितनी है और उन्हें कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है;**

(ग) **सरकार की मंजूरी के लिए लंबित प्रस्तावों की संख्या कितनी है और इसके क्या कारण हैं;**

(घ) **लंबित परियोजनाओं को तत्काल मंजूरी देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और**

(ङ) **वर्तमान में प्रत्येक इकाई में रिक्त पड़े पदों का ब्यौरा क्या है और उनकी संख्या कितनी है और उन रिक्तियों को भरने के लिए क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?**

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री**

**(श्री नितिन गडकरी)**

**(क) से (घ) : प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) एक प्रमुख क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी कार्यक्रम है जिसका लक्ष्य परंपरागत कारीगरों और बेरोजगार युवाओं की मदद करके गैर-कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर सृजित करना है। वर्ष 2016-17, 2017-18, 2018-19 और 2019-20 (31.10.2019 तक) के दौरान सूक्ष्म उद्यमों में पीएमईजीपी के तहत अनुमानित सृजित रोजगार (व्यक्तियों की संख्या) क्रमश: 4.08 लाख, 3.87 लाख, 5.87 लाख और 2.11 लाख रहा है। गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष (31.10.2019 तक) में पीएमईजीपी के तहत केरल राज्य सहित राज्यवार सृजित रोजगार का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।**

**वर्ष 2016-17 से 2019-20 (31.10.2019 तक) के दौरान पीएमईजीपी के तहत वितरित मार्जिन मनी सब्सिडी और सहायता प्राप्त परियोजनाओं की संख्या का ब्यौरा नीचे दिया गया है:**

| क्र.सं. | वर्ष | उपयोग की गई मार्जिन मनी सब्सिडी (लाख रु. में) | सहायता प्राप्त परियोजनाओं की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2016-17 | 1,28,093.86 | 52,912 |
| 2 | 2017-18 | 1,31,240.07 | 48,398 |
| 3 | 2018-19 | 2,07,000.54 | 73,424 |
| 4 | 2019-20 (31.10.2019 तक) | 82,436.58 | 26,480 |

**(ङ) : नियमानुसार रिक्त पद नियमित आधार पर भरे जा रहे हैं।**

*****

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4029, जिसका उत्तर 12.12.2019 को दिया जाना है, के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**वर्ष 2016-17 से 2019-20 (31.10.2019 तक) के दौरान पीएमईजीपी की राज्यवार स्थिति**

| क्र.सं. | राज्य/संघ शासित क्षेत्र | अनुमानित सृजित रोजगार (व्यक्तियों की संख्या) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 ( 31.10.2019 तक) |
| 1 | जम्मू एवं कश्मीर | 11691 | 30024 | 1832 | 216 |
| 2 | हिमाचल प्रदेश | 6916 | 7088 | 17760 | 8200 |
| 3 | पंजाब | 9858 | 12160 | 2240 | 896 |
| 4 | संघ शासित प्रदेश चंडीगढ़ | 376 | 360 | 29896 | 7216 |
| 5 | उत्तराखंड | 9890 | 12904 | 26424 | 6224 |
| 6 | हरियाणा | 11016 | 13744 | 24752 | 8432 |
| 7 | दिल्ली | 952 | 920 | 1056 | 368 |
| 8 | राजस्थान | 13408 | 12614 | 624 | 312 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | 36315 | 43456 | 28000 | 19032 |
| 10 | बिहार | 25872 | 18456 | 17320 | 6752 |
| 11 | सिक्किम | 201 | 296 | 11192 | 5456 |
| 12 | अरुणाचल प्रदेश | 1984 | 1672 | 60232 | 17488 |
| 13 | नागालैंड | 7783 | 7440 | 14376 | 3856 |
| 14 | मणिपुर | 8419 | 4800 | 29256 | 13800 |
| 15 | मिजोरम | 3400 | 1992 | 19888 | 8064 |
| 16 | त्रिपुरा | 17961 | 8928 | 0 | 0 |
| 17 | मेघालय | 2632 | 600 | 20208 | 5552 |
| 18 | असम | 31498 | 18256 | 45136 | 16992 |
| 19 | पश्चिम बंगाल | 26604 | 10928 | 10328 | 2680 |
| 20 | झारखंड | 10400 | 8888 | 3120 | 1072 |
| 21 | ओडिशा | 20392 | 19192 | 8984 | 2144 |
| 22 | छत्तीसगढ़ | 12856 | 11704 | 9664 | 1992 |
| 23 | मध्य प्रदेश | 15520 | 14432 | 24560 | 6688 |
| 24 | गुजरात | 11629 | 15008 | 608 | 264 |
| 25 | महाराष्ट्र | 17799 | 26632 | 14408 | 6488 |
| 26 | आंध्र प्रदेश | 14148 | 12216 | 18872 | 8632 |
| 27 | तेलंगाना | 6445 | 9520 | 440 | 256 |
| 28 | कर्नाटक | 30286 | 16920 | 41480 | 17192 |
| 29 | गोवा | 660 | 400 | 16408 | 7776 |
| 30 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 9432 | 1712 |
| 31 | केरल | 13068 | 10776 | 224 | 72 |
| 32 | तमिलनाडु | 25764 | 32760 | 41944 | 12656 |
| 33 | पुदुचेरी | 699 | 352 | 17448 | 5136 |
| 34 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1398 | 1744 | 19304 | 8224 |
| | | **407840** | **387182** | **587416** | **211840** |

****